Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to fill up backlog vacancies meant for SCs/STs in Central Government offices and Departments.

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज): मैं सरकार का ध्यान अति महत्वपूर्ण मुद्दे पर आकर्षित करना चाहता हूँ कि केन्द्रीय सरकारी विभागों व अर्ध सरकारी विभागों तथा राज्य स्तरीय सरकारी विभागों में भारी संख्या में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति बैकलॉग में सीटें खाली पड़ी हैं और पदों की भर्ती न होने के कारण अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों में सरकार के प्रति निराशा पैदा हो रही है । अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मेधावी युवा बेरोजगारी के कारण खाली घूम रहे हैं । यदि इन खाली पड़े बैकलॉग के पदों को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों द्वारा इन नियुक्तियों को भरा जाएगा तो लाखों परिवारों को रोजगार मिल जाएगा और सरकार का भी अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रति यह सहानुभूति का अच्छा संदेश जाएगा ।

अतः केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें/सरकारी/अर्ध सरकारी विभागों में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग के बैकलॉग में खाली पड़े पदों को तत्काल भरने के आदेश को लागू करने की कृपा करें ।